# पहले से अस्पताल में रहने वाले रोगियों को रोकना

(मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 का अनुच्छेद 5(2))

| | |
|---|---|
| **1.** रोगी का नाम | |
| **2.** आपके उपचार के लिए प्रभारी व्यक्ति का नाम | |

## मैं इस अस्पताल को छोड़कर क्यों नहीं जा सकता हूं?

आपको इस अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य कानून 1983 के अनुच्छेद 5(2) के तहत रखा जा रहा है क्योंकि आपके उपचार के प्रभारी व्यक्ति, या उनके डेप्युटी, यह सोचते हैं कि आप मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और आपको अस्पताल में रहने की ज़रूरत है।

"डेप्युटी" का अर्थ एक ऐसा व्यक्ति है जो आपके उपचार के प्रभारी व्यक्ति के किसी अन्य स्थान पर होने की स्थिति में फैसले ले सकता है।

## मैं यहां कितने समय तक रहूंगा?

आपको यहां पर 72 घंटों तक रखा जा सकता है ताकि दो डॉक्टर आपकी जांच करके यह फैसला ले सकें कि आपको ज्यादा समय तक अस्पताल में रखने की आवश्यकता है या नहीं।

आपको शायद किसी अनुमोदित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरकर्मी द्वारा भी देखा जाएगा।
अनुमोदित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरकर्मी एक ऐसा व्यक्ति होता है जिसे ये फैसले लेने में मदद करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को अस्पताल में रखना ज़रूरी है या नहीं।

आपको इस दौरान तब तक अस्पताल नहीं छोड़ना चाहिए जब तक कि आपके उपचार का प्रभारी व्यक्ति, या उनके डेप्युटी आपसे ऐसा करने को न कहें। यदि आप जाने की कोशिश करते हैं तो स्टाफ आपको रोक सकता है, और अगर आप चले जाते हैं तो आपको वापस लाया जा सकता है।

यदि आप पहले से किसी नर्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कानून के अनुच्छेद 5(4) के तहत अस्पताल में रह रहे थे, तो इस अनुच्छेद के तहत आपको जब से अस्पताल में रखा गया है उसे 72 घंटों का हिस्सा माना जाएगा।

आपके मामले में 72 घंटे समाप्त होने की तिथि और समय :

| | |
|---|---|
| तिथि | समय |

## इसके बाद क्या होगा?

आपको देखने के बाद, डॉक्टर यह फैसला कर सकते हैं कि आपको ज्यादा समय तक अस्पताल में रहने की ज़रूरत है। डॉक्टर या अनुमोदित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरकर्मी आपको बताएंगे कि ऐसा क्यों है और कब तक रहना हो सकता है। अब क्या होगा यह जानने के लिए आपको एक और पुस्तिका दी जाएगी। यदि यह फैसला होता है कि आपको अब यहां रहने की ज़रूरत नहीं है तो वे (या स्टाफ के अन्य सदस्य) आपसे इस बारे में बात करेंगे कि आपको अन्य किस सहायता की ज़रूरत होगी।

यदि आपसे यह नहीं कहा गया है कि आपको 72 घंटे पूरे होने तक अस्पताल में रहना है, तो आप वहां से जाने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन आप एक स्वैच्छिक रोगी के रूप में अस्पताल में बने रहने का फैसला कर सकते हैं। यदि 72 घंटे पूरे होने के बाद आप जाना चाहते हैं, तो कृपया पहले स्टाफ के किसी सदस्य से बात कर लें।

## क्या मैं अपील कर सकता हूं?

नहीं। भले ही आप इस बात से सहमत न हों कि आपको अभी अस्पताल में रहने की ज़रूरत है, पर जिस अनुच्छेद 5(2) के तहत आपको यहां रखने का फैसला किया गया है आप उसके खिलाफ अपील नहीं कर सकते।

## क्या मेरा उपचार किया जाएगा?

अस्पताल का स्टाफ आपको ऐसे किसी भी उपचार के बारे में बताएगा जिसे वे आपके लिए ज़रूरी समझते हैं। यदि आप नहीं चाहते तो आप किसी भी तरह के उपचार से इंकार कर सकते हैं। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में, जिनके बारे में आपको बता दिया जाएगा, आपको कोई भी उपचार दिया जा सकता है भले आप उसके लिए सहमत न हों।

## अपने सबसे करीबी रिश्तेदार को जानें

इस पुस्तिका की एक प्रति उस व्यक्ति को दी जाएगी जिसे मानसिक स्वास्थ्य कानून आपका सबसे करीबी रिश्तेदार कहता है।

मानसिक स्वास्थ्य कानून में ऐसे लोगों की एक सूची है जिन्हें आपके रिश्तेदार समझा जाता है। सामान्यतः, उस सूची में सबसे ऊपर मौजूद व्यक्ति आपका सबसे करीबी रिश्तेदार होता है। अस्पताल का स्टाफ आपको एक पुस्तिका दे सकता है जो इस बात को विस्तारपूर्वक बताती है और यह बताती है कि आपकी देखभाल और उपचार के संबंध में आपके सबसे करीबी रिश्तेदार के क्या अधिकार हैं।

आपके मामले में, हमें यह बताया गया है कि आपका सबसे करीबी रिश्तेदार है :

| |
|---|
| |

यदि आप नहीं चाहते कि इस व्यक्ति को पुस्तिका की एक प्रति प्राप्त हो, तो कृपया अपने नर्स या स्टाफ के किसी अन्य सदस्य को बताएं।

## अपने सबसे करीबी रिश्तेदार को बदलना

यदि आपको लगता है कि यह व्यक्ति आपका सबसे करीबी रिश्तेदार होने के लिए उपयुक्त नहीं है, तो आप काउंटी कोर्ट में उसके बजाय किसी अन्य व्यक्ति को अपना सबसे करीबी रिश्तेदार बनाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।
अस्पताल का स्टाफ आपको एक पुस्तिका दे सकता है जिसमें विस्तार से यह बताया गया है।

## आपके पत्र

जब तक आप अस्पताल में हैं आपके लिए भेजे गए सभी पत्र आपको दिए जाएंगे। आप किसी भी व्यक्ति को पत्र भेज सकते हैं, लेकिन ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं जो कहे कि उन्हें आपसे पत्र नहीं चाहिए। इन लोगों के लिए लिखे जाने वाले पत्रों को अस्पताल का स्टाफ रोक देगा।

## कार्यअभ्यास संहिता

कार्यअभ्यास संहिता अस्पताल के स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य कानून और मानसिक अस्वस्थता वाले लोगों का उपचार करने के बारे में सलाह देती है। आपकी देखभाल के बारे में स्टाफ द्वारा कोई भी फैसला लेने से पहले उन्हें संहिता में कही गई बातों पर विचार करना चाहिए। यदि आप चाहें, तो आप संहिता की एक प्रति देखने के लिए कह सकते हैं।

## मैं शिकायत कैसे कर सकता हूं?

यदि आप अस्पताल में अपनी देखभाल और उपचार के संबंध में कोई भी शिकायत करना चाहते हैं, तो कृपया स्टाफ के किसी सदस्य से कहें। वे संभवतः मामले का निपटारा कर सकें। वे अस्पताल की शिकायत करने की प्रक्रिया के बारे में भी आपको जानकारी दे सकते हैं, जिसका इस्तेमाल आप स्थानीय प्रशासन के ज़रिए शिकायत का समाधान निकालने में कर सकते हैं। वे आपको ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में भी बता सकते हैं जो शिकायत करने में आपकी मदद कर सकता हो।

यदि आपको लगता है कि अस्पताल की शिकायत की प्रक्रिया आपकी मदद नहीं कर सकती, तो आप किसी स्वतंत्र कमीशन से शिकायत कर सकते हैं। कमीशन इस बात पर नजर रखता है कि मानसिक स्वास्थ्य कानून का इस्तेमाल कैसे किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इसका इस्तेमाल सही ढंग से किया गया है और अस्पताल में रहने के दौरान रोगियों की उचित देखभाल की जाती है। अस्पताल का स्टाफ आपको एक पुस्तिका दे सकता है जिसमें कमीशन से संपर्क करने के बारे में बताया गया है।

## अधिक सहायता और जानकारी

यदि अपनी देखभाल और उपचार के बारे में कोई बात आप नहीं समझ पाए हों, तो स्टाफ का एक सदस्य इसे समझने में आपकी मदद करेगा। यदि इस पुस्तिका की कोई बात आप नहीं समझ पाएं हों या यदि आपके कोई ऐसे प्रश्न हों जिनके जवाब इस पुस्तिका में नहीं दिए गए हों तो कृपया स्टाफ के किसी सदस्य से समझाने को कहें।

यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए इस पुस्तिका की एक और प्रति चाहते हों तो कृपया बताएं।